## एक नजर में

### श्री दादा गुरु आज पहुंचेंगे मंडलेश्वर मां नर्मदा आश्रय स्थल पर होंगे प्रवचन



**मंडलेश्वर, निप्र।** मां नर्मदा ,धर्म ,धरा ,धेनु,प्रकृति तथा पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले अवधूत संत महायोगी श्री दादा गुरु जी अपनी नर्मदा परिक्रमा के दौरान आज महेश्वर से मंडलेश्वर पधारेंगे ।उक्त जानकारी देते हुए दादा गुरु के अतिप्रिय शिष्य मां नर्मदा भक्त नगर परिषद मंडलेश्वर के अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ने बताया कि आज सुबह 10 बजे श्री दादा गुरु 1500 से अधिक परिक्रमावासियों के साथ नगर में मंगल प्रवेश करेंगे उनके नगर प्रवेश के समय उनका चरण वंदन नगर परिषद कार्यालय के सामने किया जाएगा ।श्रीदादा गुरु यहां से नर्मदा एप्रोच रोड स्कूल ग्राउंड के सामने से होकर वाचनालय पहुंचकर सीधे वाचनालय घाट से उतरकर मां नर्मदा आश्रय स्थल पहुंचेंगे जहां उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। यहीं पर दादा गुरु मां नर्मदा की पूजा अर्चना के बाद प्रवचन देंगे ।इसके बाद भक्त गणों के लिए भोजन प्रसादी वितरित की जाएगी ।मां नर्मदा आश्रय स्थल पर दो घंटे विश्राम के बाद श्री दादा गुरु रामघाट से पैड़िया चढ़कर घंटाघर चौक से एम जी रोड होते पुलिस चौकी कसरावद फाटा से अम्बेडकर प्रतिमा स्थल होते ग्राम नान्द्रा के लिए प्रस्थान करेंगे ।श्री दादा गुरु का रात्रि विश्राम ग्राम नांद्रा में होगा।

### चंद्रकिरण गुप्ता राज्य शिक्षक संघ महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष मनोनीत



**बिस्टान, निप्र।** राज्य शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अमित शर्मा की अनुशंसा पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना गुप्ता ने खरगोन नगर में पदस्थ प्राथमिक शिक्षिका चंद्रकिरण गुप्ता को को राज्य शिक्षक संघ महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। इनके मनोनयन पर स्नेहीजनों एवं शिक्षक संवर्ग ने बधाई दी है। श्रीमती गुप्ता ने बताया कि वे संगठन को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी और जिले में अधिक से अधिक मातृशक्ति को राज्य शिक्षक संघ की इकाई से जोड़ने का प्रयास करेगी, साथ ही नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता,पुरानी पेंशन बहाली सहित अपनी मांगों के निराकरण को लेकर के वह सदैव तत्पर रहेगी।

### प्रसिद्ध खाटू वाले जामली नरेश के मंदिर परिसर में सोमवार को मनुहार कीर्तन का आयोजन

**बिस्टान, निप्र।** जामलीधाम मंदिर परिसर में विराजित प्रसिद्ध खाटू वाले जामली नरेश के मंदिर परिसर में सोमवार को मनुहार कीर्तन का आयोजन आज सोमवार को शाम 7 :00 बजे आयोजित किया गया है । श्रीपंचमुखी बालाजी हनुमान मंदिर ट्रस्ट जामलीधाम द्वारा आयोजित मनुहार कीर्तन में श्रीश्याम सरकार का दरबार कलकत्ता के विशेष फूलों से अलौकिक दरबार संजेगा । कलकत्ते के इत्र से बाबा का दरबार महकेगा ।फूल इत्र कलकत्ता से विमान से इंदौर तक आने बाद बिस्टान लाएंगे ।फूलों की होली के बीच बाबा श्याम के प्रेमी भक्त ताली बजाकर रिझाएंगे ।जगत सेठ श्याम सरकार के दरबार मे जयपुर के आयुष सोमानी बृन्दावन की किशोरी अंजली साध्वी सुमधुर भजनों से हाजरी लगाएंगे ।प्रसिद्ध जामलीधाम में भव्य आयोजन प्रथम वर्ष हो रहा है श्याम सरकार की प्रसादी में 56 भोग लगाये जाएंगे । शाम 7 बजे से बाबा की इच्छा तक मनुहार कीर्तन होगा ।बाद महाआरती होगी ।प्रसादी वितरण बाद विराम होगा ।आयोजक मन्दिर ट्रस्ट सदस्यों ने बाबा के प्रेमियों से आग्रह किया है कि कीर्तन मे शामिल हो कर बाबा का आशीष पाए ।



### जिला दंडाधिकारी ने इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर भारी वाहनों पर लगाया पूर्ण प्रतिबंध

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री भव्या मित्तल ने जन सामान्य की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत एवं मोरटक्का पुल की संरचनात्मक क्षमता को ध्यान में रखते हुए दिनांक 27 दिसम्बर 2025 से 05 जनवरी 2026 तक इंदौर-इच्छापुर मार्ग पर भारी मालयानों पर प्रतिबंध लगाया है। दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह और नववर्ष के आरम्भ में ओंकारेश्वर ज्योर्तिलिंग दर्शन के साथ-साथ पावन नर्मदा नदी में स्नान हेतु दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं के प्रतिदिन आगमन की सम्भावना है, जन सामान्य की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए यह मोरटक्का पुल मार्ग को भारी वाहनों को उक्त अवधि में प्रतिबंधित किया गया है तथा भारी वाहनों के आवागमन में कोई व्यवधान ना हो इस हेतु अन्य वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था भी की गई है। केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 115 और नियम 1994 के नियम 215 के तहत जारी इस आदेश के अनुसार 27 दिसंबर 2025 से 5 जनवरी 2026 तक प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर भारी वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से बंद रहेगा। खंडवा की ओर से आने वाले भारी वाहन बड़वाह तहसील में प्रवेश कर देशगांव होते हुए खरगोन-धामनोद से एबी रोड तक पहुंचेंगे, जबकि इंदौर से आने वाले वाहन खरगोन जिले से होते हुए देशगांव से गंतव्य तक जाएंगे।

### रासेयो शिविर में श्रम साधना कर स्वयंसेवक दे रहे, स्वच्छता का संदेश




**खरगोन, निप्र।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सांदीपनि विद्यालय टेमला का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम अघावन में चल रहा है। कार्यक्रम अधिकारी संतोष जायसवाल ने बताया कि कार्यक्रम शिविर के चतुर्थ दिवस श्रमदान के तहत 55 स्वयं सेवकों ने अलग-अलग दल बनाकर श्रम साधना का कार्य किया। धर्मशाला में लगभग चार डंपर चूरी का समतलीकरण कर मैदान बनाया। दूसरे दल ने ग्राम की नालियां साफ कर स्वच्छता का संदेश दिया। ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि श्रीराम पाटीदार, पूर्व जिला किसान संघ अध्यक्ष सीताराम पाटीदार, ग्राम के तुकाराम पाटीदार, मांगीलाल पाटीदार, मोहनलाल पाटीदार, श्याम पाटीदार उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने स्वयंसेवकों के श्रमदान की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्वयं सेवकों द्वारा दिया गया स्वच्छता का संदेश हमारे लिए एक प्रेरणा का कार्य करेगा। इस श्रम साधना में यश वर्मा, विष्णु सागोरे, सत्यम धनगर, शिवम पाटीदार, हीरालाल डावर, दुर्गेश पाटीदार, विशाल चौहान, सागर पाटीदार, आर्यन भालसे का विशेष सहयोग रहा। छात्राओं ने करुणा वर्मा, राधिका पाटीदार, टीना सेन, अंजली यादव, वेदिका पाटीदार, वंशिका पाटीदार, प्रांजलि पाटीदार, दीपिका पाटीदार, भूमिका सेन, प्रीति पाटीदार, स्वाति कर्मा, स्नेहा पाटीदार शिविर स्थल की सफाई कर मार्ग पर संकेतक भी बनाए, जिससे आवागम में सुविध हो सके।

# पूर्व विधायक और वरिष्ठ कांग्रेसियों का सम्मान किया

## युवक कांग्रेस ने मनाया कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 140 वां स्थापना दिवस हमें स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय, समानता एवं राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है। उक्त विचार कांग्रेस के 140वें कांग्रेस स्थापना दिवस कार्यक्रम में वक्ताओं ने व्यक्त किए। इस मौके पर युवक कांग्रेस ने कांग्रेस का झंडा वंदन किया। पूर्व विधायक परसराम डंडीर, पूर्व अल्पसंख्यक काँग्रेस जिला अध्यक्ष अब्दुल सरदार भुट्टो, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉ. गोविंद मुजाल्दा, प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक जाकिर खान का



पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री डंडीर ने कहा कि देश को आजादी दिलाने से लेकर नव निर्माण तक 140 वर्षो का कांग्रेस का इतिहास त्याग और बलिदान का रहा है। पार्टी को जमीनी स्तर पर दोबारा खड़ा करने की दिशा में कांग्रेस का हर कार्यकर्ता प्रतिबद्ध है। यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजत डंडीर ने कहा कि पार्टी को मजबूती देने के लिए बूथ से लेकर जिला स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जा रहा है, ताकि जनता के मुद्दों को और मुखरता से उठाया जा सके। इस मौके पर युकां प्रदेश महासचिव प्रशांत सांवले, पूर्व जिला उपाध्यक्ष युकां सुल्तान भुट्टो, युकां विस अध्यक्ष शाहरुख मिर्ज़ा, शहर अध्यक्ष युकां तैयब अली बोहरा, सनी दीपू भाटिया, महा सचिव रोशन खान, सलमान खान, अमजद खान, रिंकू नेता आदि मौजूद रहे।

### कार्यकर्ताओं से रवि नाईन ने किया संगठन को मजबूत करने का आह्वान

**खरगोन, निप्र।** कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस पर जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक से पूर्व जिलाध्यक्ष रवि नाईन ने ध्वजारोहण किया। बैठक में श्री नाईक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने यह वर्ष संगठन सृजन का वर्ष तय किया है, जिसके तहत प्रथम चरण में जिला कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति हो चुकी है। अगले चरण में हम मंडल तथा नगरी इलाकों में वार्ड कमेटी और पंचायत में ग्राम पंचायत कमेटीयों का गठन करेंगे। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पंद्रह दिन का समय निर्धारित किया है। संगठन का जमीन स्तर पर मजबूत होना समय की मांग है। पूर्व विधायक एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रवि जोशी ने सभी बीएलओ 2 और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को एसआईआर के प्रथम चरण में बखूबी अपनी जिम्मेदारी निभाने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि एसआईयार के द्वितीय चरण में समस्त बीएलए-2 एवं कांग्रेस के पदाधिकारीयों, वरिष्ठ नेताओ को और ज्यादा सक्रियता से सतर्क होकर कार्य करना होगा, क्योंकि आशंका एसी व्यक्त की जा रही है, वोटर लिस्ट में गड़बडियां हो सकती है। बैठक के पश्चात सभी बीएलए 2 साथियों को वोटर लिस्ट का विवरण भी किया गया।

### कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की

**बड़वाह, निप्र।** ब्लॉक कांग्रेस बड़वाह द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस का 140 वाँ स्थापना दिवस रविवार 28 दिसंबर को पंचायत क्षेत्र सिरलाय में मनाया गया। यहां कांग्रेस जनों ने महात्मा गांधी के चित्र पर तिरंगे सूत एवं पुष्प माला पहना कर देश के लिए बलिदान देने वाले हजारों हजार शहीदों और महान नेताओं का स्मरण कर भारत माता की जय और कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस की विचारधारा राष्ट्र के उत्थान के लिए, संविधान और प्रजातांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए और नागरिकों की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक समानता उनकी स्वतंत्रता और संविधान प्रदत्त अधिकार की सुरक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित है। देश और प्रदेश में सकारात्मक किंतु सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाते हुए सरकार की जन विरोधी नीतियों और गलत फैसलों का विरोध करेगी। कांग्रेस के स्थापना दिवस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार द्वारा देश में लागू की गई रोजगार एवं ग्रामीण विकास मूलक महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के नाम, स्वरूप और प्रावधानों में बदलाव के फैसले करने पर भाजपा की मोदी सरकार की तीखी निंदा करते हुए आक्रोश व्यक्त किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि एवं सेवादल के जिला उपाध्यक्ष संतोष मालवीय ने ग्रामीण विकास और हितग्राही मूलक योजनाओं में भारी भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाते हुए अब



सरकार की ओर से हितग्राही मूलक योजनाओं में वित्तीय आवंटन में कोताही की बात कही। नगर पालिका के पार्षद अनिल कानूनगो, यशवंत मंसोरे, युवा कांग्रेस प्रभारी हिम्मत पटेल, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष खुमानसिंह पटेल ने भी संबोधित किया। संचालन अनुसूचित समाज के कांग्रेस नेता प्यारेलाल बोरासी ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी भीमा पटेल, जगदीश खांडे, मोहन पटेल, जबरसिंह, ऋतुराज वर्मा एवं ग्राम के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कांग्रेस पार्टी के BLA 2 को SIR की ड्राफ्ट सूचियां सौंपते हुए SIR के मौजूदा और अगले चरण में वैद्य मतदाताओं के मताधिकार की रक्षा के कार्य में दिए योगदान की प्रशंसा करते हुए और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने का आव्हान किया। युवा कांग्रेस के नगर अध्यक्ष जितेंद्र यादव ने आभार माना।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनाया कांग्रेस का स्थापना दिवस

**कसरावद, निप्र।** रविवार को कसरावद में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक के ऐतिहासिक योगदान को स्मरण करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के प्रति संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चित्र पर पुष्पमाल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष परसराम यादव, राजेन्द्र सिंह यादव अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर परिषद, वरिष्ठ नेता अजय मंडलोई, राजेश बागदरे जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधी एवं उपस्थित कांग्रेसजनों एवं कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा सत्य, अहिंसा, समानता और सर्वसमावेशी विकास को जन-




जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने आज़ादी की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाई और स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता तथा सामाजिक समरसता की मजबूत नींव रखी। आज के समय में भी कांग्रेस पार्टी आमजन, किसानों, मजदूरों, युवाओं एवं महिलाओं के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष कर रही है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन, कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन 'कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद' के नारों एवं संगठन को और मजबूत करने के संकल्प के साथ किया गया।

### हाई स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन




**बड़वाह, निप्र।** बड़ेल स्थानीय बड़वाह शासकीय हाई स्कूल में दो दिवसीय स्नेह सम्मेलन संपन्न हुआ , जिसमें प्रथम दिवस क्रीड़ा प्रतिस्पर्धाएं एवं दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम , पुरस्कार वितरण एवं सहभोज सम्पन्न हुआ । संस्था प्राचार्य डॉ.परेश विजयवर्गीय ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरस्कार वितरण समारोह में ग्रामीण भाजपा मंडल अध्यक्ष खुमान जी जाट, महामंत्री मनीष जी लोधी , सरपंच प्रतिनिधि अमरसिंह पगारे , उप सरपंच खुमान सिंह जी चौहान , पालक सदस्य रिंकू जायसवाल, संकुल प्राचार्य संजय शुक्ला , पूर्व विकासखंड स्त्रोत समन्वयक महेश कनासे , प्राचार्य सुजीत सोनी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे , जिनका विद्यालय परिवार के पर्वत सिंह मुवेल, विनोद जायसवाल, अनोकसिंह चौहान, श्रीमती किरण भालसे, श्रीमती दीक्षा , सुश्री प्रगति परिहार , कुंदन भार्गव , हेमंत सिंह चौहान ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया । टीम गेम्स के रूप में क्रिकेट , कबड्डी , खो - खो जबकि व्यक्तिगत खेल के अंतर्गत 100 मीटर दौड़ , चेयर रेस , नींबू रेस और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत गायन , तात्कालिक भाषण , एकल व समूह नृत्य में विजेता तथा प्रतिभागियों को तथा गतवर्ष की परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्रा कु खुशी परिहार को पुरस्कृत किया गया । ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस हाई स्कूल ने 2024- 25 की परीक्षा में शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम देकर इस सुदूर वन क्षेत्र का नाम रोशन किया है , मंडल महामंत्री मनीष लोधी ने कहा कि 2025-26 की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय में जो प्रथम आयेगा उसे 5100/- रूपये नगद प्रदाय किये जायेंगे और यदि इस विद्यालय का कोई विद्यार्थी बड़वाह विकासखंड में प्रथम स्थान पर रहता है तो उसे 11000/- हजार रू पुरस्कार के रूप में दिये जायेंगे । संकुल प्राचार्य संजय शुक्ला, ओखला प्राचार्य सुजीत सोनी , पूर्व ~~क्क्ष्ट~~ महेश कनासे, सरपंच प्रतिनिधि अमरसिंह जी , उप सरपंच खुमान जी तथा रिंकू जायसवाल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया । स्वागत भाषण विनोद जायसवाल ने किया।

### शिक्षाकर्मियों व संविदा शिक्षकों की पुरानी छुट्टियों पर संशय, स्पष्ट आदेश की मांग

**बिस्टान, निप्र ।** शासन द्वारा हाल ही में जारी अवकाश संबंधी आदेश ने शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के बीच असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है। आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि नवीन संवर्ग में नियुक्त लोक सेवकों को अर्जित अवकाश एवं अर्धवेतन अवकाश दिनांक 01 जुलाई 2018 से देय होगा।लेकिन इस आदेश के बाद एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है— उन शिक्षा कर्मियों, संविदा शिक्षकों (अध्यापक)की पुरानी अर्जित अवकाश और अर्ध वेतन अवकाश का क्या होगा, जो शिक्षा कर्मी, संविदा शिक्षक की सेवा अवधि के दौरान 01/07/2018 तक जोड़ी जा चुकी है। राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव का कहना है कि उन्होंने वर्षों तक शिक्षाकर्मी, संविदा शिक्षक (अध्यापक)के रूप में सेवाएं दी हैं और उस दौरान उनके अवकाश विधिवत रूप से संचित किए गए थे। अब यदि केवल 01 जुलाई 2018 से ही अवकाश मान्य किया जाता है, तो इससे उनकी पूर्व सेवा अवधि और उस दौरान अर्जित अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।। श्री यादव ने यह भी तर्क दिया है कि सेवा निरंतरता के सिद्धांत के तहत उनकी पूर्व में जोड़ी गई अर्जित अवकाश और अर्ध वेतन अवकाश को समाप्त या अमान्य नहीं किया जाना चाहिए। वे मांग कर रहे हैं कि शासन इस विषय पर स्पष्ट और संशोधनात्मक आदेश जारी करे, ताकि किसी प्रकार का भ्रम या नुकसान न हो। राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव ने इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए कहा है कि यदि जल्द स्थिति स्पष्ट नहीं की गई,तो भविष्य में सेवानिवृत्ति,अवकाश नकदीकरण एवं अन्य सेवा लाभों को लेकर विवाद की स्थिति बन सकती है। अब सभी की निगाहें शासन के अगले कदम पर टिकी हैं, जिससे यह तय हो सके कि शिक्षाकर्मियों, संविदा शिक्षकों की 01/07/2018 से पूर्व की अर्जित अवकाश और अर्ध वेतन अवकाश सुरक्षित रहेंगी या नहीं।

### गृह निर्माण कॉलोनी में सड़क निर्माण की मांग रहवासियों ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



**सनावद, निप्र।** गृह निर्माण कॉलोनी के निवासियों ने कॉलोनी की जर्जर मुख्य सड़क के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर सोमवार को नगर पालिका परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी (CMO) को ज्ञापन सौंपा। कॉलोनीवासियों का कहना है कि सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य पूरा होने के बाद मुख्य सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने से स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में पानी भर जाने से स्थिति और भी विकट हो जाती है। बच्चों तथा बुजुर्गों को स्कूल जाने व अन्य दैनिक कार्यों में विशेष कठिनाई हो रही है, साथ ही दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। निवासियों ने बताया कि इससे पूर्व भी उन्होंने स्थानीय स्तर पर कई बार शिकायत की थी, किंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञापन सौंपते हुए उन्होंने मांग की है कि शीघ्र ही पक्की सड़क का निर्माण कराया जाए, ताकि कॉलोनीवासियों को लंबे समय से चली आ रही इस परेशानी से मुक्ति मिल सके। ज्ञापन सौंपने के अवसर पर कॉलोनी के अनेक निवासी उपस्थित रहे। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस समस्या का कितनी जल्दी स्थायी समाधान निकाल पाता है।

**एक नजर में** — यह आयोजन हर वर्ग और हर धर्म के लोगों की भागीदारी का प्रतीक बना

# पिरानपीर, शीतला माता मेले में देर रात तक गूंजी कव्वाली की स्वर लहरियां

नवभारत न्यूज

**सनावद, निप्र।** निमाड़ क्षेत्र की प्रसिद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक परंपरा पिरानपीर शीतला माता मेले में इस बार कव्वाली कार्यक्रम ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। 27 दिसंबर की रात 12 बजे से शुरू हुई इस कव्वाली महफिल का आनंद देर रात तक उठाया गया। सनावद सहित बड़वाह, खरगोन, खंडवा, गोगावा और इंदौर से भारी संख्या में पहुंचे श्रोताओं ने कव्वाली का भरपूर लुत्फ उठाया। यह आयोजन हर वर्ग और हर धर्म के लोगों की भागीदारी का प्रतीक बना। महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी ने एक साथ बैठकर श्रेष्ठ कव्वाली का आनंद लिया, जो साम्प्रदायिक सद्भाव की अनुपम मिसाल पेश करता है। आयोजन की सफलता में







नगर पालिका सनावद के पार्षदों और मेला समिति का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मुख्य योगदानकर्ताओं में सुनीता इंदर बिरला, जय शिंदे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र मिश्रा, गजेंद्र उपाध्याय, पवन इंगला, आशीष चौधरी, श्रीमती नयना मनीष चौधरी, हरिराम सिंधिया, मेला समिति अध्यक्ष शेरान शेख, श्रीमती ज्योति दिलीप गुप्ता, श्रीमती नसरीन सोनू पेंटर, श्रीमती अफसाना परवेज शहजाद खान, श्रीमती मंजुला मुन्ना गुर्जर, अनिल बारे, राजेश अंजने, श्रीमती पूजा दुर्गेश परिहार, श्रीमती गंगा भारती, पवन अरझरे, मानसी राठौर, श्रीमती ममता सुदीश वर्मा, श्रीमती दुर्गा सुनील माली आदि शामिल हैं। सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी सनावद थाना प्रभारी एवं पुलिस बल ने बखूबी निभाई। कार्यक्रम की कवरेज में राजेश जैन, विनोद गौड़, संजय पाटीदार, सुधीर वर्मा, आशिक अली सहित अन्य पत्रकारों ने योगदान दिया। यह आयोजन सनावद की सांस्कृतिक धरोहर को मजबूत करने और हिंदू-मुस्लिम एकता को बढ़ावा देने का एक बेहतरीन उदाहरण साबित हुआ। पिरानपीर दरगाह और शीतला माता का यह संयुक्त मेला क्षेत्र की अनोखी परंपरा का प्रतीक है, जो हर साल लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है।